आकाशवाणी केन्द्र शिमला

22.04.2025 / प्रादेशिक समाचार 11.00 बजे

## प्रादेशिक समाचार

### पोप राजकीय शोक

इसाइयों के सर्वोच्च पादरी पोप फ्रांसिस के सम्मान में भारत सरकार ने तीन दिन के राजकीय शोक की घोषणा की है। पोप फ्रांसिस का कल निधन हो गया। दो दिन का राजकीय शोक आज और कल रहेगा जबकि अंतिम संस्कार के दिन भी राजकीय शोक होगा। देश भर में राजकीय शोक के दौरान सभी इमारतों पर राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहेगा और कोई आधिकारिक मनोरंजन कार्यक्रम नहीं होगा।

### राज्यपाल

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल आज कांगड़ा जिला के इंदौरा उपमंडल मुख्यालय में नशे के विरूद्ध जागरूकता कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। नशे के विरूद्ध जागरूकता कार्यक्रम हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर, जिला प्रशासन कांगड़ा के संयुक्त तत्वाधान में किया जा रहा है। राज्यपाल इंदौरा बैरियर चौक से नशे के विरूद्ध विद्यार्थियों की जागरूकता रैली को हरी झंड़ी दिखाएंगे। उसके बाद तकनीकी विवि से संबद्ध मिनर्वा कॉलेज ऑफ फार्मेसी इंदौरा के परिसर में सार्वजनिक कार्यक्रम को राज्यपाल संबोधित करेंगे।

### कांग्रेस बैठक

कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में आज मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह की अध्यक्षता में एक अहम बैठक होने जा रही है। बैठक में पार्टी के सभी विधायक, पूर्व विधायक और अग्रणी संगठनों के पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। कांग्रेस के राष्ट्रीय अधिवेशन के बाद होने जा रही ये बैठक प्रदेश में संगठन की मजबूती के लिए चलाए जाने वाले आगामी कार्यक्रमों और राज्य कार्यकारिणी के गठन को लेकर अहम मानी जा रही है।

### पृथ्वी दिवस

विश्व में पर्यावरण संरक्षण प्रयासों में समर्थन के लिए आज पृथ्वी दिवस मनाया जा रहा है। इस वर्ष पृथ्वी दिवस का विषय है. हमारी शक्ति हमारा ग्रह। इसका उद्देश्य लोगों को पर्यावरण की समस्याओं के बारे में जागरूक करना है। यूनेस्को शिखर सम्मेलन में सुझाव के

बाद पहली बार पृथ्वी दिवस की शुरुआत वर्ष 1970 में अमेरिका में हुई थी। इस अवसर पर प्रदेश में भी विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

सुधीर शर्मा

पूर्व मंत्री व धर्मशाला से भाजपा विधायक सुधीर शर्मा ने प्रदेश सरकार पर वित्तीय कुप्रबंधन का शिकार होने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि सरकार की गलत नीतियों के चलते प्रदेश की आर्थिक स्थिति लगातार कमजोर हो रही है। कल धर्मशाला में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए विधायक सुधीर शर्मा ने कहा कि प्रदेश का सबसे बड़ा राजस्व का जरिया एक्साइज और टैक्सेशन विभाग भी सरकार की नीतियों के कारण घाटे में चल रहा है। जिसमे इस वर्ष शराब के ठेके टेंडर प्रक्रिया के बावजूद नहीं बिके हैं। उन्होंने कहा की वित्तीय कुप्रबंधन का स्पष्ट प्रमाण है की अब मिल्कफेड, वन विभाग और नगर निगम शराब के ठेके चलाएंगे।

पीएम—मन की बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 27 अप्रैल सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश—विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 121वीं कड़ी होगी। मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार अथवा विषयों को लेकर लोग 25 अप्रैल तक प्रधानमंत्री को संदेश व सुझाव भेज सकते हैं। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज ऑन ए आई आर मोबाइल ऐप पर प्रसारित होगा।

देवयात्रा

चंबा जिला में सदियों से चल रही परंपरा के अनुसार मां बेरावाली भगवती इन दिनों क्षेत्र की देव यात्रा पर है। 15 दिनों की इस यात्रा के दौरान मां बेरावाली अपनी बहन चामुंडा से मिलने चामुंडा मंदिर परिसर पहुची हैं। इस दौरान हजारों की संख्या में श्रद्धालु माता के दर्शनों के लिए पहुंच रहे हैं। वहीं परंपरा के अनुसार मां बेरावाली भगवती को लोग अपने घर बुलाकर पूजा—अर्चना करते हैं। यात्रा के अंतिम दिन 28 अप्रैल को चामुंडा माता मंदिर परिसर में जातर मेले का आयोजन भी किया जाएगा।